Dreketi Sangam School
Year 3 Week 6
Hindi worksheet 2

<u>उत्तर</u>

बोधन

चतुर चिड़िया

एक चिड़िया थी । उसका नाम चींचीं था । एक दिन की बात है । चींचीं चिड़िया गाय के पास बैठी थी । वह दाने चुग-चुग कर खाती रहती थी । गाय ने गोबर किया । चिड़िया गोबर में दब गई । वह उड़ न सकी । उधर के एक कुत्ता आया । चिड़िया ने कहा कि भाई कुत्ते मुझे निकाल । कुत्ते ने कहा " निकालूँगा तो खा लूँगा ।" चिड़िया ने कहा कि खा लेना ।

कुत्ता चिड़िया को नल पर ले गया । वह चिड़िया को नहला कर खाने लगा । चिड़िया ने कहा मुझे सुखा तो ले । कुत्ते ने चिड़िया को धूप में रख दिया । थोड़ी देर में चिड़िया के पंख सूख गए । वह फुर्र कर के उड़ गई । कुत्ता मुँह देखता रह गया ।

प्रश्न

१. इस कहानी में कितनी चिड़िया थी ?

एक

२. चिड़िया का नाम क्या था ?

चींचीं

३. क्या एक दिन की बात थी ?

चींचीं चिड़िया गाय के पास बैठी थी और वह दाने चुग-चुग कर खाती रहती थी।

चिड़िया गोबर में दब गई ।

४. चींचीं चिड़िया कहाँ बैठी थी ?

चींचीं चिड़िया गाय के पास बैठी थी ।

५. चींचीं चिड़िया क्या खा रही थी ? दाने या मिठाई ?

दाने

समाप्त